उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26293/06/2024–25/
दिनांक : 06 सितम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा खान–पान की सेवायें लेने हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित खान–पान व्यस्थापकों (कैटरर्स) से दिनांक 24 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक दो बोली प्रणाली में निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी–क्रय**

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26293/06/2024–25
दिनांक : जून, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा ***संलग्न ऐनेक्जर–क*** में वर्णित विवरणानुसार खान–पान व्यवस्था की सेवायें लेने हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित खान–पान व्यस्थापकों (कैटरर्स) से **दो बोली प्रणाली में (in two bid system)** निम्नवर्णित नियमों और भार्तों (terms & condition) पर 01 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं:–

1. निविदादाता खान–पान व्यस्थापक (कैटरर्स) के रूप में पंजीकृत तकनीकी बोली (technical bid) के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र (RC) की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपि** संलग्न की जाये।

2. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के दौरान न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर रू. 1,00,00,000 (रूपये एक करोड़ मात्र) होना चाहिये और टर्न ओवर की **चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जानी चाहियें।

3. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 की आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

4. निविदादाता के पास सरकारी विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थानों को खान–पान की सेवायें उपलब्ध कराने का न्यूनतम 05 वर्श का अनुभव होना चाहिये। सम्बन्धित अनुभव प्रमाणपत्रों की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

5. तकनीकी बोली के साथ रू. 25000 (रूपये पच्चीस हजार मात्र) की बयाना राशि **(Earnest Money Deposit)** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में तकनीकी बोली के साथ

लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।

6. सफल निविदादाता द्वारा खान–पान व्यवस्था हेतु उपलब्ध कराये गये उनके कार्मिक कार्यकुशल और सुसज्जित होने चाहियें। उनमें से किसी भी कार्मिक के व्यवहार या कार्यकुशलता में कोई भी कमी पाये जाने पर उसे तुरंत बदलना होगा।

7. सफल निविदादाता द्वारा सम्बन्धित बिल/बीजक उपलब्ध कराये जाने पर भुगतान यूकॉस्ट द्वारा किया जायेगा।

8. **नियम व भार्त (term and condition) संख्या '1' से '5' में वर्णित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें। ऐसा न करने पर तकनीकी बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।** तकनीकी बोली को एक सीलबन्द लिफाफे में रखा जाय जिस पर मोटे अक्षरों में ''**कैटरर्स की सेवाओं हेतु दिनॉक 24–09–2024 को खोले जाने वाली तकनीकी बोली**'' लिखा जाय।

9. निविदादाता द्वारा अपनी वाणिज्यिक बोली (commerial bid) **संलग्न ऐनेक्जर–क** पर दी जायें, जिस पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षार के नीचे मोहर लगायी जाय। वाणिज्यिक बोली को अलग सीलबन्द लिफाफे में जिसके ऊपर मोटे अक्षरों में ''**कैटरर्स की सेवायें उपलब्ध कराने हेतु वाणिज्यिक बोली**'' लिखा जाय।

10. तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली के लिफाफों को एक तीसरे सीलबन्द लिफाफे में जिस पर मोटे अक्षरों में ''**कैटरर्स की सुविधाओं हेतु दिनांक 24.09.2024 को खुलने वाली निविदा**'' लिखा हो, में रखकर रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

11. निविदाओं को रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय। **अन्य किसी माध्यम से भेजी गयी निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

12. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 24–09–2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं के अन्तर्गत केवल तकनीकी बोलियाँ दिनॉक 24–09–2024 को ही अपराह्न में 03:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने खोली जायेंगी। जिन निविदादाताओं की तकनीकी बोली उपयुक्त पायी जायेगी केवल उन्हीं निविदादाताओं की वाणिज्यिक बोली को बाद में खोला जायेगा। वाणिज्यिक बोली खोलने की तिथि सम्बन्धित निविदादाताओं को बाद में सूचित की जायेगी।

13. **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं** (late or delayed tenders) पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

**14.** सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू. 50,000/–(रूपये पचास हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 02 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

**15.** महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**संलग्नकः ऐनेक्जर–क**

**प्रभारी–क्रय**

ऐनेक्जर–क

**खानपान सेवाओं (Catering Services) हेतु दरें:–**
**वी0आई0पी0 श्रेणी**

| क्र. सं. | विवरण | निवेदित दर प्रति प्लेट/(रूपये में) | जी.एस.टी. (रूपये में) | प्रति प्लेट कुल दर (रूपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंकों में | शब्दों में |
| 1 | (क) **निम्न मदों सहित नाश्ता**<br>i. पोहा<br>ii. सैंडविच<br>iii. कटलैट<br>iv. डोसा<br>v. ग्रीन टी/चाय/कॉफी<br>vi. इडली<br>vii. फल / जूस<br>viii. उपमा<br>ix. स्वीट्स<br>x. मिनरल वाटर | | | | |
| 2 | (ख) **निम्न मदों सहित दोपहर का भोजन**<br>i. पीली दाल<br>ii. राजमा/छोले/पहाड़ी डिस<br>iii. मिक्स वैज/ सीजनल वैज<br>iv. पनीर आईटम<br>v. चावल<br>vi. मिस्सी/तवा रोटी एवं नान<br>vii. रायता<br>viii. सलाद<br>ix. वैड नूडल्स<br>x. स्वीट्स<br>xi. मिनरल वाटर | | | | |
| | (ग) **निम्न मदों सहित रात्रि का भोजन**<br>i. दाल मखनी/पहाड़ी डिस<br>ii. मिक्स वैज/ सीजनल वैज<br>iii. मशूरूम/पनीर आईटम<br>iv. पनीर आईटम<br>v. मिस्सी/तवा रोटी एवं नान<br>vi. नूडल्स<br>vii. फ्राइड राइस/ मनच्यूरियन<br>viii. चावल<br>ix. स्लाद<br>x. रायता<br>xi. स्वीट्स<br>xii. मिनरल वाटर | | | | |
| | (घ) **हाई टी**<br>i. सैंडविच | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | ii. वेज कटलेट<br>iii. स्प्रिंग रोल<br>iv. चाय / मशीनकॉफी / ग्रीन टी<br>v. मिक्स पकौड़ा (पनीर एवं अन्य सीजनल सब्जियां)<br>vi. कुकीज / बिस्कुट<br>vii. पेस्ट्री या मफिन, केक<br>viii. ड्राई फ्रूट्स | | | | |
| | (घ) (i)**दोपहर से पूर्व / अपराह्न में कॉफी / चाय / ग्रीन टी + 2 बिस्कुट** | | | | |

**मध्यम श्रेणी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | (क) **निम्न मदों सहित नाश्ता**<br>1. पोहा<br>2. सैंडविच<br>3. परांठा–दही<br>4. डोसा<br>5. ग्रीन टी / चाय / कॉफी<br>6. फल<br>7. स्वीट्स<br>8. मिनरल वाटर | | | | |
| | (ख) **निम्न मदों सहित दोपहर का भोजन**<br>1. पीली दाल / राजमा / छोले / पहाड़ी डिस<br>2. मिक्स वैज / सीजनल वैज<br>3. पनीर आईटम<br>4. चावल<br>5. मिस्सी / तवा रोटी एवं नान<br>6. रायता<br>7. सलाद<br>8. स्वीट्स<br>9. मिनरल वाटर | | | | |
| | (ग) **निम्न मदों सहित रात्रि का भोजन**<br>1. पहाड़ी डिस<br>2. मिक्स वैज / सीजनल वैज<br>3. मटर पनीर<br>4. मिस्सी / तवा रोटी एवं नान<br>5. चावल<br>6. सलाद<br>7. रायता | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 8. स्वीट्स<br>9. मिनरल वाटर | | | | |
| | (घ) **हाई टी**<br>1. सैंडविच<br>2. स्प्रिंग रोल<br>3. चाय / मशीन कॉफी / ग्रीन टी<br>4. मिक्स पकौड़ा (पनीर एवं अन्य सीजनल सब्जियां)<br>5. पैस्ट्री | | | | |
| | (घ) (i)**दोपहर से पूर्व / अपराह्न में कॉफी / चाय / ग्रीन टी + 2 बिस्कुट** | | | | |

**सामान्य श्रेणी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | (क) **निम्न मदों सहित नाश्ता**<br>1. परांठा–दही<br>2. पूरी–आलू<br>3. चाय / कॉफी<br>4. खीर / हलवा<br>5. वाटर डिसपेंसर | | | | |
| | (ख) **निम्न मदों सहित दोपहर का भोजन**<br>1. पीली दाल / राजमा / छोले<br>2. आलू की सब्जी<br>3. चावल<br>4. तवा रोटी एवं नान<br>5. रायता<br>6. सलाद<br>7. खीर / हलवा<br>8. वाटर डिसपेंसर | | | | |
| | (ग) **निम्न मदों सहित रात्रि का भोजन**<br>1. दाल<br>2. सीजनल वैज<br>3. तवा रोटी एवं नान<br>4. चावल<br>5. सलाद<br>6. खीर / हलवा<br>7. वाटर डिसपेंसर | | | | |
| | (घ) **हाई टी**<br>1. चाय<br>2. मिक्स पकौड़ा | | | | |
| | (घ) (i)**दोपहर से पूर्व / अपराह्न में चाय + 2 बिस्कुट** | | | | |

नोट – प्रति प्लेट दर में क्रॉकरी की दर भी शामिल होंगी।

निविदादाता के प्रतिनिधि के हस्ताक्षरः
निविदादाता का नामः
निविदादाता की मुहरः